

13 मई 2024

# कमोडिटी मार्केट रिपोर्ट



smc
moneywise. be wise.

## प्रमुख खबरें

- पर्थ मिंट के अनुसार, अप्रैल 2024 में सोने के सिक्के और ढले हुए बार की बिक्री 103% बढ़कर 33,387 औंस हो गई, लेकिन पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में 55% से अधिक की गिरावट के साथ काफी कम रही । अप्रैल में चांदी उत्पाद की कुल बिक्री 684,735 औंस रही, जो पिछले महीने से 20.4% कम और पिछले वर्ष की तुलना में लगभग 65% कम है।
- वाणिज्यिक बैंकों, सहकारी बैंकों और क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों ने 2023-24 में सावधि और फसल ऋण के तहत 24.84 ट्रिलियन रुपये वितरित किए हैं, जो वित्त वर्ष 23 की तुलना में 15% की वृद्धि है।
- दालों की उपलब्धता बढ़ाने के लिए, सरकार ने दालों की किस्मों पर आयात शुल्क हटाने के हाल ही में लिए फैसले के तुरंत बाद लगभग 0.15 मिलियन टन देसी चना (बंगाल चना) आयात करने का लक्ष्य रखा है।
- सीमा शुल्क आंकड़ों के अनुसार चीन ने अप्रैल में 520,000 मीट्रिक टन कच्चे एल्युमीनियम और अर्द्ध एल्युमीनियम का निर्यात किया, जो सालाना आधार पर 12.6% अधिक है; जनवरी से अप्रैल तक कुल निर्यात 1.998 मिलियन टन रहा, जो सालाना आधार पर 8.8% अधिक है।
- एक आधिकारिक अधिसूचना के अनुसार, केंद्र सरकार ने मॉरीशस को 14,000 टन गैर-बासमती सफेद चावल के निर्यात की अनुमति दी है।
- सरकार ने प्याज पर निर्यात प्रतिबंध हटा दिया है और 40 प्रतिशत निर्यात शुल्क फिर से लागू करने के एक दिन बाद 550 डॉलर प्रति टन का न्यूनतम निर्यात मूल्य लगा दिया है।
- महीनों की बातचीत के बाद, बोलिडेन ने तारा ऑपरेशन को फिर से खोलने के लिए श्रमिक संघों और स्थानीय प्रबंधन के साथ एक समझौता किया है, जो यूरोप की सबसे बड़ी जिंक खदान है।

## NCDEX में सबसे अधिक बढने वाली कमोडिटी

| कमोडिटी | 03.05.24 | 09.05.24 | बदलाव (%) |
|---|---|---|---|
| जीरा | 24230.00 | 26500.00 | 9.37% |
| स्टील | 44600.00 | 47330.00 | 6.12% |
| मक्का | 2056.00 | 2114.00 | 2.82% |
| कच्चा सूरजमुखी तेल | 848.10 | 853.00 | 0.58% |
| कॉटनऑयलसीडकेक | 2573.00 | 2584.00 | 0.43% |

## MCX में सबसे अधिक बढने वाली कमोडिटी

| कमोडिटी | 03.05.24 | 09.05.24 | बदलाव (%) |
|---|---|---|---|
| नेचुरल गैस | 179.10 | 191.10 | 6.70% |
| चांदी | 81043.00 | 84499.00 | 4.26% |
| सोना | 70668.00 | 71639.00 | 1.37% |
| लेड | 191.50 | 193.95 | 1.28% |
| सोना गिनी | 57141.00 | 57763.00 | 1.09% |

## NCDEX में सबसे अधिक गिरने वाली कमोडिटी

| कमोडिटी | 03.05.24 | 09.05.24 | बदलाव (%) |
|---|---|---|---|
| कैस्टर सीड | 5641.00 | 5576.00 | -1.15% |
| धनिया | 7386.00 | 7326.00 | -0.81% |
| ग्वारगम | 10787.00 | 10708.00 | -0.73% |
| बाजरा | 2327.00 | 2315.00 | -0.52% |
| कैस्टर ऑयल | 1149.00 | 1143.50 | -0.48% |

## MCX में सबसे अधिक गिरने वाली कमोडिटी

| कमोडिटी | 03.05.24 | 09.05.24 | बदलाव (%) |
|---|---|---|---|
| कॉटन | 57580.00 | 57420.00 | -0.28% |

## साप्ताहिक समीक्षा

दो सप्ताह की गिरावट के बाद, कमोडिटीज की कीमतों में उलटफेर दर्ज किया गया और सीआरबी इंडेक्स 337 के करीब बंद हुआ। नेचुरल गैस और कच्चे तेल जैसी ऊर्जा वस्तुओं की कीमतों में उछाल आया। दो सप्ताह की गिरावट के बाद सर्राफा की कीमतों में तेजी दर्ज की गई, क्योंकि इजराइल और हमास के बीच युद्धविराम समझौते पर नहीं पहुंचने की अटकलों के बीच सुरक्षित निवेश के लिए कुछ मांग भी बनी रही। चीन पर ताजा अमेरिकी व्यापार शुल्क की रिपोर्ट ने भी सुरक्षित निवेश के लिए कुछ मांग को बढ़ावा दिया। एमसीएक्स पर सोने की कीमतें 72000 के ऊपर बंद हुई, और चांदी की कीमतें 85000 के ऊपर बंद हुई। बेस मेटल की कीमतों में तेजी का रुझान देखा गया। लेड की तरह तांबे की कीमतों में लगातार सातवें सप्ताह वृद्धि हुई, जबकि एल्युमीनियम की कीमतें अपने निचले स्तर से उबर गई। जिंक की कीमतें, जो छह सप्ताह पहले बढ़ना शुरू हुई थी, एमसीएक्स पर 263.8 के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई। नौकरियों के कमजोर आंकड़ों के बाद संयुक्त राज्य अमेरिका में ब्याज दरों में कटौती की नई उम्मीदों के कारण अधिकांश बेस मेटल की कीमतों में वृद्धि हुई। आने वाले वर्षों में विद्युतीकरण बढ़ने से तांबे की मांग भी बढ़ने की उम्मीद है। लेकिन चीन की ओर से सुस्त मांग के कारण शंघाई फ्यूचर्स एक्सचेंज (एसएचएफई) द्वारा निगरानी किए गए गोदामों में तांबे के भंडार में बढ़ोतरी हुई है, जो इस साल की शुरुआत में लगभग 33,000 टन से बढ़कर 287,000 टन से अधिक हो गया है। चिली के केंद्रीय बैंक ने कहा कि दुनिया के सबसे बड़े तांबा उत्पादक चिली में अप्रैल में लाल धातु का निर्यात 4.19 अरब डॉलर तक पहुंच गया, जो एक साल पहले की तुलना में 25.3% अधिक है। कच्चा तेल 6670 के करीब बंद हुआ, जबकि नेचुरल गैस 200 के करीब पहुंच गया। कच्चे तेल की कीमतों में इस सप्ताह उछाल आया क्योंकि दुनिया के दो सबसे बड़े कच्चे तेल उपयोगकर्ताओं, अमेरिका और चीन के आंकड़ों ने उच्च मांग और गाजा युद्ध पर जारी अनिश्चितता की ओर इशारा किया, जिससे कीमतों को समर्थन मिला। पिछले महीने में गिरावट के बाद अप्रैल में चीन के निर्यात और आयात में वृद्धि हुई है जो मांग में सुधार का संकेत है। आपूर्ति में कमी और मांग में बढ़ोतरी से नेचुरल गैस की कीमतें 14-सप्ताह के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई, जो भंडारण सरप्लस को कम करना शुरू कर रही हैं।

कृषि कमोडिटीज में, अरंडी की कीमतों में नरमी रही, जबकि सूरजमुखी तेल की कीमतों में नए सिरे से खरीददारी देखी गई। कॉटन वायदा में मंदी के रुझान के साथ कारोबार हुआ और ग्वार की कीमतों में लगातार दूसरे सप्ताह गिरावट देखी गई। जीरा वायदा में अस्थिरता अधिक रही जहां कीमतों में भारी उछाल और गिरावट देखी गई। मुनाफावसूली के कारण जीरा वायदा की कीमतों में गिरावट हुई क्योंकि एनसीडीईएक्स ने खासकर जोखिम प्रबंधन उपाय के हिस्से के रूप में बढ़ती अस्थिरता को देखते हुए प्रणालीगत जोखिम को कम करने के लिए 2.5% का आधारित अतिरिक्त निगरानी मार्जिन (ई-एएसएम) लगा दिया है। आवक की गति धीमी होने लगी है क्योंकि स्टॉकिस्ट और किसान बेहतर कीमत मिलने पर अपने स्टॉक को जारी करने के लिए अनिच्छुक हैं।

## हाजिर कीमतें

| कमोडिटी | स्थान | 03.05.2024 | 09.05.2024 | बदलाव (%) |
|---|---|---|---|---|
| जौ | जयपुर | 2030.25 | 2072.35 | 2.07% |
| चना | दिल्ली | 6371.10 | 6488.35 | 1.84% |
| धनिया | कोटा | 7517.50 | 7403.65 | -1.51% |
| क्रूड पॉम ऑयल | कांडला | 871.50 | 879.25 | 0.89% |
| गुड़ | मुजफ्फरपुर | 1597.75 | 1578.10 | -1.23% |
| ग्वारसीड | जोधपुर | 5499.10 | 5504.75 | 0.10% |
| ग्वारगम | जोधपुर | 10942.10 | 10868.85 | -0.67% |
| जीरा | ऊंझा | 25493.40 | 26608.50 | 4.37% |
| सरसों | जयपुर | 5345.30 | 5447.85 | 1.92% |
| रिफाइंड सोया तेल | मुंबई | 912.50 | 917.50 | 0.55% |
| सोयाबीन | इंदौर | 4774.55 | 4843.65 | 1.45% |
| हल्दी | निजामाबाद | 17750.20 | 17634.45 | -0.65% |
| गेहूं | दिल्ली | 2505.00 | 2485.60 | -0.77% |
| कॉटन | कड़ी | 27345.35 | 27524.60 | 0.66% |
| कॉटनऑयलसीडकेक | अकोला | 2685.90 | 2711.60 | 0.96% |

## LME/ COMEX/ NYMEX में धातुओं की कीमत (डॉलर में)

| कमोडिटी | एक्सचेंज | कॉन्ट्रैक्ट | 03.05.2024 | 09.05.2024 | बदलाव(%) |
|---|---|---|---|---|---|
| एल्युमीनियम | LME | नकद | 2551.50 | 2561.50 | 0.39% |
| तांबा | LME | नकद | 9910.00 | 9904.50 | -0.06% |
| लेड | LME | नकद | 2215.00 | 2233.50 | 0.84% |
| निकल | LME | नकद | 19237.00 | 19033.00 | -1.06% |
| जिंक | LME | नकद | 2903.00 | 2909.50 | 0.22% |
| सोना | COMEX | जून | 2308.60 | 2340.30 | 1.37% |
| चांदी | COMEX | जुलाई | 26.57 | 28.23 | 6.26% |
| लाइट क्रूड | NYMEX | जून | 78.11 | 79.26 | 1.47% |
| नेचुरल गैस | NYMEX | जून | 2.14 | 2.30 | 7.42% |

## अंतरराष्ट्रीय बाजार में कमोडिटी की कीमतें

| कमोडिटी | एक्सचेंज | कॉन्ट्रैक्ट | 03.05.2024 | 09.05.2024 | बदलाव (%) |
|---|---|---|---|---|---|
| सोयाबीन | CBOT | जुलाई | 1,215.00 | 1,208.50 | -0.53% |
| सोया तेल | CBOT | जुलाई | 43.08 | 42.64 | -1.02% |
| कॉटन | ICE | जुलाई | 78.06 | 77.75 | -0.40% |
| सीपीओ | BMD | जुलाई | 3,844.00 | 3,831.00 | -0.34% |

## गोदाम में सप्ताहिक स्टॉक स्थिति (NCDEX)

| कमोडिटी | यूनिट | 02.05.2024 क्वांटिटी | 09.05.2024 क्वांटिटी | अंतर |
|---|---|---|---|---|
| कॉटन | मी.टन | 0 | 0 | 0 |
| बाजरा | मी.टन | 30 | 30 | 0 |
| जौ | मी.टन | 381 | 381 | 0 |
| कैस्टर सीड | मी.टन | 17307 | 20658 | 3351 |
| धनिया | मी.टन | 5834 | 7807 | 1973 |
| कॉटनऑयलसीडकेक | मी.टन | 62703 | 6037 | -56666 |
| ग्वारगम | मी.टन | 17793 | 18146 | 353 |
| ग्वारसीड | मी.टन | 20767 | 19238 | -1529 |
| जीरा | मी.टन | 105 | 15 | -90 |
| स्टील | मी.टन | 10 | 10 | 0 |

## गोदाम में सप्ताहिक स्टॉक स्थिति (MCX)

| कमोडिटी | यूनिट | 03.05.2024 क्वांटिटी | 09.05.2024 क्वांटिटी | अंतर |
|---|---|---|---|---|
| एल्युमीनियम | मी.टन | 345.749 | 115.874 | -230 |
| तांबा | मी.टन | 1922744 | 1742740 | -180004 |
| सोना | किग्रा | 329 | 329 | 0 |
| सोना मिनी | किग्रा | 1776 | 1776 | 0 |
| सोना गिनी | किग्रा | 185300 | 183700 | -1600 |
| लेड | किग्रा | 0 | 0 | 0 |
| चांदी (30 किग्रा बार) | किग्रा | 312278 | 20571 | -291707 |
| चांदी एम | किग्रा | 50293 | 50293 | 0 |
| जिंक | मी.टन | 0 | 0 | 0 |

## LME में सप्ताहिक स्टॉक स्थिति(टन में)

| कमोडिटी | स्टॉक की स्थिति 03.05.2024 | स्टॉक की स्थिति 09.05.2024 | अंतर |
|---|---|---|---|
| एल्युमीनियम | 486050 | 479850 | -6200.00 |
| तांबा | 107350 | 104375 | -2975.00 |
| निकल | 79896 | 80004 | 108.00 |
| लेड | 258800 | 240875 | -17925.00 |
| जिंक | 253725 | 252125 | -1600.00 |

## ट्रेंड शीट


| एक्सचेंज | कमोडिटी | कांट्रेक्ट | बंद* भाव | ट्रेंड बदलाव की तिथि | ट्रेंड | भाव के ट्रेंड में बदलाव | सपोर्ट | रेजिस्टेंस | क्लोजिंग स्टॉप लास |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| NCDEX | जीरा | मई | 25190.00 | 23.04.24 | तेजी | 22000.00 | 22650.00 | - | 23500.00 |
| NCDEX | हल्दी | जून | 18730.00 | 18.04.24 | तेजी | 18000.00 | 18200.00 | - | 18000.00 |
| NCDEX | ग्वारसीड | मई | 5433.00 | 14.02.24 | तेजी | 5300.00 | 5220.00 | - | 5200.00 |
| NCDEX | ग्वारगम | मई | 10711.00 | 28.03.24 | तेजी | 10000.00 | 10200.00 | | 10100.00 |
| NCDEX | कैस्टरसीड | मई | 5652.00 | 18.01.24 | तेजी | 5650.00 | 5520.00 | - | 5500.00 |
| NCDEX | सुरजमुखी तेल | मई | 864.90 | 06.03.24 | तेजी | 845.00 | 830.00 | - | 835.00 |
| NCDEX | कॉटनऑयलसीडकेक | मई | 2613.00 | 26.03.24 | मंदी | 2600.00 | - | 2675.00 | 2700.00 |
| MCX | मेंथा ऑयल | मई | 941.20 | 27.09.23 | मंदी | 960.00 | - | 957.00 | 960.00 |
| MCX | बुलडेक्स | मई | 18460.00 | 04.03.24 | तेजी | 16600.00 | 17430.00 | - | 18000.00 |
| MCX | चांदी | जुलाई | 84499.00 | 04.03.24 | तेजी | 72200.00 | 79200.00 | - | 81800.00 |
| MCX | सोना | जून | 71747.00 | 04.03.24 | तेजी | 64000.00 | 69600.00 | - | 70000.00 |
| MCX | तांबा | मई | 859.85 | 06.03.24 | तेजी | 730.00 | 836.00 | - | 845.00 |
| MCX | लेड | मई | 193.95 | 06.03.24 | तेजी | 179.00 | 184.00 | - | 183.00 |
| MCX | जिंक | मई | 258.80 | 06.03.24 | तेजी | 218.00 | 246.00 | - | 245.00 |
| MCX | एल्युमिनियम | मई | 234.23 | 04.03.24 | तेजी | 202.00 | 226.00 | - | 225.00 |
| MCX | कच्चा तेल | मई | 6606.00 | 01.05.24 | मंदी | 6700.00 | - | 7045.00 | 7060.00 |
| MCX | नेचुरल गैस | मई | 191.10 | 26.04.24 | तेजी | 165.00 | 152.00 | - | 175.00 |

*09/05/2024 का बंद भाव

नाटः 1. कभी-कभी आप पाओगे कि स्टॉप लॉस बहुत अधिक है लेकिन यदि हम स्टॉप लॉस को एक बार बदल दें तो हमें कमोडिटी में मजबूती आती दिखेगी ।उस स्थिति में स्टॉप लॉस अधिक होगा क्योंकि हम सप्ताहिक आधार पर ग्राफ को देखते है और लम्बे समय तक के रूझानों को लेते है।
2. इस सप्ताहिक ट्रेंड का मिलान रोजाना के ट्रेंड से नहीं किया जाना चाहिए जिसे प्रतिदिन सुबह को मार्निंग रिपोर्ट के नाम से ई मेल किया जाता है।

## टेक्निकल सुझाव

### तांबा ( मई ) एमसीएक्स




**तांबा ( मई ) एमसीएक्स उच्चस्तर: 876.45 निचला स्तर: 709.35**

एमसीएक्स में तांबा (मई) कॉन्ट्रैक्ट 09 मई 2024 को 859.85 रू पर बंद हुआ। वर्तमान समय में 18 दिनों को एक्सपोनेंसियल मूविंग औसत 851.20 है। दैनिक चार्ट में कमोडिटी की रिलेटिव स्ट्रेंथ इंडेक्स की वैल्यू 66.60 है। दोनों ही इंडिकेटर खरीददारी का संकेत दे रहे हैं।

**855.00 रू के स्टॉपलॉस के साथ 885.00 रू के टारगेट के लिए 865.00 रू के नजदीक खरीददारी की जा सकती है।**

### नेचुरल गैस ( मई ) एमसीएक्स



**नेचुरल गैस ( मई ) एमसीएक्स उच्च स्तर: 197.80 निचला स्तर: 159.30**

एमसीएक्स में नेचुरल गैस (मई) कॉन्ट्रैक्ट 09 मई 2024 को 190.10 रू पर बंद हुआ। वर्तमान समय में 18 दिनों को एक्सपोनेंसियल मूविंग औसत 177.03 है। दैनिक चार्ट में कमोडिटी की रिलेटिव स्ट्रेंथ इंडेक्स की वैल्यू 67.14 है। दोनों ही इंडिकेटर खरीददारी का संकेत दे रहे हैं।

**175.00 रू के स्टॉपलॉस के साथ 205.00 रू के टारगेट के लिए 185.00 रू के नजदीक खरीददारी की जा सकती है।**

### ग्वारगम ( जून ) एनसीडीईएक्स



**ग्वारगम ( जून ) एनसीडीईएक्स उच्चस्तर: 11470.00 निचला स्तर: 9866.00**

एमसीएक्स में ग्वारगम (जून) कॉन्ट्रैक्ट 09 मई 2024 को 10711.00 रू पर बंद हुआ। वर्तमान समय में 18 दिनों को एक्सपोनेंसियल मूविंग औसत 10900.98 है। दैनिक चार्ट में कमोडिटी की रिलेटिव स्ट्रेंथ इंडेक्स की वैल्यू 45.51 है। दोनों ही इंडिकेटर बिकवाली का संकेत दे रहे हैं।

**11200.00 रू के स्टॉपलॉस के साथ 10000.00 रू के टारगेट के लिए 10800.00 रू के नजदीक बिकवाली की जा सकती है।**

# अगले सप्ताह में बाजार का रुख

## मसाले

मौजूदा स्तर पर धीमी खरीदारी के कारण सप्ताह के दौरान हल्दी की कीमतों में गिरावट दर्ज की गई। खरीदारों ने थोक खरीदारी से परहेज किया क्योंकि कीमतें कई वर्षों के उच्चतम स्तर पर थीं। न केवल घरेलू मांग सुस्त रही है, बल्कि मौजूदा स्तर पर निर्यात मांग भी मध्यम रहने से कीमतों पर दबाव पड़ेगा। फरवरी-24 में भारत से हल्दी का निर्यात 12% कम होकर 12.92 हजार टन रह गया, जबकि अप्रैल-23-फरवरी-24 के दौरान कुल निर्यात पिछले वर्ष से 4.4% कम होकर 144.58 हजार टन दर्ज किया गया। कुल मिलाकर आवक की गति पिछले वर्ष की तुलना में धीमी रही है और प्रत्येक गुजरते सप्ताह के साथ इसमें कमी रहने की संभावना है। प्र मई 24 के पहले 10 दिनों में प्रमुख एपीएमसी मंडियों में लगभग 9.9 हजार टन हल्दी की आवक हुई, जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि में 20.2 हजार टन हल्दी की आवक हुई थी। आवक कम रही है क्योंकि अनुमान है कि उत्पादन में साल-दर-साल 16% की गिरावट आएगी और यह बाजार वर्ष 2024-25 में 9.7 लाख टन रह सकता है, जिससे कीमतों में बड़ी गिरावट पर रोक लगने की संभावना है। हल्दी की कीमतों के 17700-19500 के दायरे में रहने की उम्मीद है।

घरेलू बाजार में आपूर्ति घटने से जीरा वायदा कीमतों में तेजी दर्ज की गई। हर गुजरते महीने के साथ आवक कम होने से स्थानीय बाजार में नए सिरे से खरीदारी शुरू हो गई। मार्च-24 में लगभग 68.8 हजार टन जीरा की आवक हुई और अप्रैल-24 में यह घटकर 44.68 हजार टन रह गई और मई में भी गिरावट होने की संभावना है क्योंकि किसान मौजूदा दर पर अपना स्टॉक जारी करने के लिए अनिच्छुक हैं। मध्य पूर्व क्षेत्र में बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव के बाद वैश्विक स्तर पर व्यापार व्यवधान से भारतीय जीरा की निर्यात मांग में वृद्धि हुई। शादी के मौसम की बेहतर मांग और होटल और रेस्तरां द्वारा बढ़ती स्थानीय खरीदारी से कीमतों को तेजी के रूझान के साथ कारोबार करने में मदद मिली। मौजूदा दर पर निर्यात मांग बढ़ने की उम्मीद है जिससे जीरा में तेजी को मदद मिलेगी। भारत ने फरवरी-24 में 10.96 हजार टन जीरा का निर्यात किया, जबकि पिछले साल यह 11.36 हजार टन था, जो साल-दर-साल 3.4% कम है। अप्रैल-23-फरवरी-24 की समयावधि के दौरान भारत से जीरा निर्यात में साल-दर-साल 23.7% की गिरावट दर्ज की गई है, लेकिन आने वाले महीनों में इसके बढ़ने की उम्मीद है। जीरा की कीमतों के 23500-30000 के दायरे में रहने की संभावना है।

बाजार में भारी स्टॉक के अनुमान के कारण धनिया की कीमतें दबाव में रहीं। भारी कैरी फॉरवर्ड स्टॉक से निकट अवधि में कीमतें के कमजोर रहने की संभावना है। हालाँकि, मार्च-24 की तुलना में अप्रैल-24 में कुल आवक 41% कम हो गई है क्योंकि किसान कीमतों में अधिक वृद्धि की उम्मीद में अपने स्टॉक को जारी करने के लिए अनिच्छुक हैं। सरकारी आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार, फरवरी-24 में धनिया का निर्यात साल-दर-साल 35% बढ़कर 4.6 हजार टन हो गया। अप्रैल-23-फरवरी-24 की समय अवधि के दौरान धनिया का कुल निर्यात 71.18 हजार टन तक पहुंच गया। धनिया का कुल उत्पादन साल-दर-साल 26% कम होने की संभावना है, जिससे धनिया में प्रमुख रुझान तेजी का रहेगा। धनिया की कीमतों के 6800-7800 के दायरे में रहने की संभावना है।

## अन्य कमोडिटीज

आईसीई में कॉटन की कीमतों में गिरावट के संकेतों को देखते हुए कॉटन की कीमतों में गिरावट जारी रही। फसल की बेहतर स्थिति और बुआई गतिविधियों का आईसीई कॉटन की कीमतों पर असर पड़ा। एनएएसएस क्रॉप प्रोग्रेस रिपोर्ट के अनुसार, 5 मई तक अमेरिकी कपास की फसल 24% बोई गई है, जो पिछले साल और पांच साल की औसत संख्या की तुलना में 4% अधिक है। बढ़ती निर्यात मांग और घटती आवक के कारण घरेलू कपास की कीमतों में बढ़ोतरी की संभावना नहीं है। कॉटन एसोसिएशन ऑफ इंडिया (सीएआई) द्वारा जारी नवीनतम अनुमान के अनुसार, अक्टूबर-मार्च के दौरान निर्यात 137 प्रतिशत बढ़कर 18 लाख गांठ हो गया, जबकि पिछले साल की समान अवधि में निर्यात 7.59 लाख गांठ हुआ था। नवीनतम अनुमान के अनुसार आवक में कमी रहने की संभावना है क्योंकि वर्ष 2023-24 में 323.1 लाख गांठ उत्पादन में से लगभग 280.6 लाख गांठ की आवक हो चुकी है। एमसीएक्स पर कॉटन की कीमतों के 55800-59500 के बीच कारोबार करने की संभावना है। इसी तरह, कपास (अप्रैल-25) वायदा की कीमतों के 1520-1600 के दायरे में कारोबार करने की संभावना है।

बाजार में बिकवाली के बढ़ते दबाव के कारण ग्वारसीड की कीमतें एक बार फिर फिसल गई। स्थानीय बाजार में धीमी खरीदारी और वर्ष 2024 में ग्वार का रकबा बढ़ने की उम्मीद से भी कीमतों पर दबाव पड़ा। लेकिन गिरावट सीमित होने की संभावना है क्योंकि कम उत्पादन के कारण आवक की गति धीमी हो गई है। ग्वारगम की निर्यात मांग में सुधार हुआ है जिससे ग्वारसीड की कीमतों में भी वृद्धि होगी। अप्रैल-23-फरवरी-24 के दौरान ग्वारगम का निर्यात पिछले वर्ष के 224.38 हजार टन के मुकाबले 186.31 हजार टन दर्ज किया गया, जो साल-दर-साल 17% कम है। फरवरी-24 में संयुक्त राज्य अमेरिका, जर्मनी, चीन, ऑस्ट्रेलिया और ब्राजील को निर्यात में तेजी से उछाल आया। ग्वारसीड की कीमतों को 5200 के आसपास सपोर्ट मिलने की उम्मीद है, जबकि रेजिस्टेंस 5800 पर देखा जा सकता है। इसी तरह, ग्वारगम की कीमतों को 10000 के आसपास सपोर्ट मिलने की संभावना है, जबकि रेजिस्टेंस 11800 पर देखा जा सकता है।

अधिक निर्यात की रिपोर्ट से मेंथा ऑयल की कीमतों में तेजी की संभावना है। फरवरी, 2024 के दौरान भारत ने लगभग 309 टन मेंथा तेल का निर्यात किया, जबकि सरकार की नवीनतम विज्ञप्ति के अनुसार पिछले वर्ष यह 210 टन हुआ था। पिछले वर्ष की तुलना में आवक कम है जिससे कीमतों में मजबूती आने की संभावना है। मेंथा ऑयल की कीमतों के 925-980 के दायरे में कारोबार करने की संभावना है।

प्रमुख व्यापारिक केंद्रों पर सीमित उपलब्धता के मुकाबले बढ़ती मांग के कारण अरंडी की कीमतें बढ़ने की उम्मीद है। मांग में बढ़ोतरी की संभावना है जिससे कीमतों को तेजी के रूझान के साथ कारोबार करने में मदद मिलेगी। अरंडीकेक और तेल की सुस्त मांग बढ़त को सीमित कर सकती है। अरंडी (कैस्टर सीड) की कीमतों के 5500-5900 के दायरे में रहने की संभावना है।

## सर्राफा

बेहतर आर्थिक आंकड़ों के बाद फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दर में कटौती की बढ़ती उम्मीदों से सोने की कीमतों में 5 अप्रैल के बाद सबसे अच्छी साप्ताहिक बढ़त दर्ज की गई है। यह उछाल तब आया जब अमेरिका में बेरोजगारी लाभ के लिए नए दावे करने वालों की संख्या उम्मीदों से अधिक हो गई, जिससे संभावित आर्थिक नरमी का संकेत मिला। यह प्रवृत्ति, निराशाजनक गैर-कृषि पेरोल आंकड़ों के साथ मिलकर, नौकरी बाजार में नरमी का संकेत देती है, जिससे सितंबर में फेड द्वारा ढील दिए जाने की उम्मीद बढ़ जाती है। इस तरह की मौद्रिक नीति में बदलाव से सोना रखने की अवसर लागत कम हो जाती है, जिससे इसकी मांग बढ़ जाती है। अब ध्यान मुद्रास्फीति के आंकड़ों की ओर जाता है, जिसमें अमेरिकी उत्पादक मूल्य सूचकांक और उपभोक्ता मूल्य सूचकांक पर रिपोर्ट आने वाली है। ये आंकड़ें दर में कटौती के समय के संबंध में उम्मीदों को प्रभावित कर सकती हैं। यदि मुद्रास्फीति कम होती है, तो सोने को लाभ होगा। सैन फ्रांसिस्को फेड अध्यक्ष मैरी डेली ने अमेरिकी मुद्रास्फीति परिदृश्य को लेकर काफी अनिश्चितता पर प्रकाश डाला, जिससे बाजार की उम्मीदें बढ़ गईं। भू-राजनीतिक समाचारों में, गाजा में शत्रुता समाप्त करने के लिए काहिरा में अप्रत्यक्ष वार्ता बिना समाधान के संपन्न हुई, जबकि इजराइल ने राफा में कार्रवाई जारी रखी। वैश्विक बाजारों में, अप्रैल में सोने के ईटीएफ से 2 अरब डॉलर की शुद्ध निकासी दर्ज की गई, जिससे कुल मासिक घाटा और बढ़ गया। विश्व स्वर्ण परिषद के अनुसार, सोने की कीमत में निरंतर मजबूती, विशेष रूप से अप्रैल की पहली छमाही के दौरान, नयी खरीदारी में तेजी आई, लेकिन यह व्यापक बिक्री का मुकाबला करने में विफल रही। कॉमेक्स पर, सोने की कीमतों ने हाल के रेजिस्टेंस स्तर को पार कर लिया है, और 2340 डॉलर पर सपोर्ट के साथ 2420 डॉलर के संभावित लक्ष्य का संकेत देता है। इस बीच, चांदी की कीमतों के 27.10-29.80 डॉलर के दायरे में कारोबार करने की उम्मीद है। एमसीएक्स पर नजर डालें तो सोने में तेजी बनी रह सकती है और कीमतें 71200-73900 के बीच कारोबार कर सकती है, जबकि चांदी की कीमतें 83500-88000 के बीच रह सकती है।

## एनर्जी कॉम्पलेक्स

दुनिया में कच्चे तेल के शीर्ष उपभोक्ताओं, अमेरिका और चीन दोनों के बेहतर आंकड़ों के कारण कच्चे तेल की कीमतों में साप्ताहिक वृद्धि दर्ज की गई। गाजा संघर्ष को लेकर जारी अनिश्चितता के साथ-साथ मांग में बढ़ोतरी के कारण कीमतों को समर्थन मिला है। अमेरिका में, रिफाइनरी संचालन में वृद्धि के कारण कच्चे तेल के कम होते भंडार, पिछले वर्ष की तुलना में चीन के तेल आयात में वृद्धि का संकेत देने वाली रिपोर्टों के अनुकूल है, जो व्यापार गतिविधि में तेजी का संकेत देती है। इजराइल और हमास के बीच शत्रुता समाप्त करने के लिए वार्ता की विफलता के कारण मध्य पूर्व में तेल आपूर्ति में संभावित व्यवधानों को लेकर चिंताएं बरकरार रहीं। इसके अतिरिक्त, पिछले महीने में संकुचन के बाद अप्रैल में चीन के निर्यात और आयात में फिर से बढ़ोतरी ने मांग में सुधार का संकेत दिया, जिससे कीमतों को अधिक समर्थन मिला। जैसा कि गाजा में तनाव बना हुआ है, कथित तौर पर इजरायली सेना ने राफा शहर को निशाना बनाया है, और हमास के साथ अप्रत्यक्ष बातचीत से कोई नतीजा नहीं निकला है, जिससे क्षेत्रीय स्तर पर व्यापक खतरा बना हुआ है। आगामी दिनों में, बाजार में अस्थिरता बनी रहने की उम्मीद है, और घटनाक्रमों के आधार पर कीमतों में बदलाव होने की संभावना है। कच्चे तेल की कीमतों के 6400-6900 के बीच रहने का अनुमान है। इस बीच, नेचुरल गैस की कीमतें 15-सप्ताह के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई, जबकि पिछले चार हफ्तों में 22.75% की वृद्धि हुई है। यह वृद्धि नेचुरल गैस की साप्ताहिक आपूर्ति में अपेक्षा से कम वृद्धि के कारण हुई, साथ ही बेकर ह्यूजेस की रिपोर्ट के अनुसार सक्रिय अमेरिकी नेचुरल गैस ड्रिलिंग रिग की संख्या में गिरावट के साथ 2-1/2 साल के निचले स्तर 102 रिग पर आ गई। आने वाले सप्ताह में, नेचुरल गैस की कीमतों में उतार-चढ़ाव की उम्मीद है, और कीमतें 184-210 के व्यापक दायरे में कारोबार कर सकती है। कुल मिलाकर, कच्चे तेल और नेचुरल गैस दोनों का दृष्टिकोण भू-राजनीतिक तनाव और मांग की गतिशीलता से प्रभावित रहता है, जबकि मध्य पूर्व और वैश्विक आर्थिक गतिविधि में विकास की बारीकी से निगरानी कर रहे हैं।

## बेस मेटल

चीन के बेहतर व्यापार आंकड़ों और प्रॉपर्टी को समर्थन देने के उपायों के कारण बेस मेटल की कीमतें तेजी के रुझान के साथ एक दायरे में कारोबार कर सकती हैं, लेकिन मजबूत डॉलर के कारण बढ़त सीमित हो सकती है। पिछले महीने में गिरावट के बाद अप्रैल में चीन के निर्यात और आयात में वृद्धि हुई है जो कि अस्थिर आर्थिक सुधार को बढ़ावा देने के लिए घरेलू और विदेशी मांग में उत्साहजनक सुधार का संकेत है। चीन के पूर्वी महानगर हांग्जो ने कहा कि वह अपने रियल एस्टेट बाजार को मजबूत करने के लिए घर खरीद के सभी प्रतिबंधों को हटा देगा, जिससे अन्य शहरों में भी ऐसा करने की संभावना बढ़ जाएगी। लेकिन हाल ही में आंकड़ों से पता चला है कि अप्रैल में चीन के मैनुफैक्चरिंग और सेवा क्षेत्रों में विकास धीमा हो गया है, जो दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था की गति में धीमेपन का संकेत देता है। तांबें की कीमतें 855-880 के दायरे में कारोबार कर सकती है। वैश्विक स्तर पर फैक्ट्री गतिविधि में सुधार के संकेत, साथ ही विशेष रूप से स्मेल्टरों को भेजे जाने वाले कच्चे माल की आपूर्ति में कमी की संभावना से कीमतों को समर्थन जारी रह सकता है। आने वाले वर्षों में विद्युतीकरण बढ़ने से तांबे की मांग भी बढ़ने की उम्मीद है। लेकिन, चीन की ओर से सुस्त मांग के कारण शंघाई फ्यूचर्स एक्सचेंज (एसएचएफई) द्वारा निगरानी किए गए गोदामों में तांबे के भंडार में बढ़ोतरी हुई है, जो इस साल की शुरुआत में लगभग 33,000 टन से बढ़कर 287,000 टन से अधिक हो गया है। सीमा शुल्क आंकड़ों से पता चला कि अप्रैल में चीन में कच्चे तांबे का आयात पिछले महीने से 7.6% कम हो गया, क्योंकि वैश्विक कीमतों में उछाल ने खरीदारी को कम कर दिया। जिंक की कीमतें 254-273 के दायरे में कारोबार कर सकती हैं। लेड की कीमतें 190-198 के दायरे में कारोबार कर सकती हैं। एल्युमीनियम की कीमतें 230-242 के दायरे में कारोबार कर सकती हैं। चीन ने अप्रैल में एल्युमीनियम निर्यात में साल-दर-साल 12.6% की वृद्धि दर्ज की, जिससे वर्ष के पहले चार महीनों में कुल 1.998 मिलियन मीट्रिक टन निर्यात हुआ है।

## पर्थ मिंटः कीमती धातुओं में विश्वसनीय और प्रमाणित


पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया सरकार के स्वामित्व वाली पर्थ मिंट दुनिया में खनन किए गए सोने का सबसे बड़ा उत्पादक है। दुनिया के सबसे बड़े सोना उत्पादकों में से एक ऑस्ट्रेलिया में नए खनन किए गए सोने में हर साल इसकी हिस्सेदारी लगभग 75% के बराबर होती है।

पर्थ मिंट अपने कीमती धातु शोधन और निवेश उत्पादों और सेवाओं, एक प्रमुख पर्यटन स्थल के रूप में और अपने लक्जरी आभूषणों के लिए विश्व स्तर पर विश्वसनीय है।

अप्रैल 2024 में, पर्थ टकसाल ने सोने के उत्पाद की बिक्री में उल्लेखनीय वृद्धि की है, जो पिछले महीने की तुलना में दोगुना हो गया। लेकिन, चांदी की बिक्री दिसंबर के बाद सबसे निचले स्तर पर पहुंच गई।

अप्रैल 2024 में सोने के सिक्के और ढले हुए बार की बिक्री 103% बढ़कर 33,387 औंस हो गई, लेकिन पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में 55% से अधिक की गिरावट के साथ काफी कम रही

इसके विपरीत, अप्रैल में चांदी उत्पाद की कुल बिक्री 684,735 औंस रही, जो पिछले महीने से 20.4% कम और पिछले वर्ष की तुलना में लगभग 65% कम है।





स्रोत: पर्थ मिंट

### सिक्कों की बिक्री क्यों घटी?

अप्रैल माह में सोने की कीमत अधिक होने के कारण सिक्के की बिक्री कम हो गयी है। सोने की कीमतों में वृद्धि को कई कारकों द्वारा बढ़ावा दिया गया है- केंद्रीय बैंकों की ओर से लगातार मांग, कमोडिटी ट्रेडों/हेज फंडों द्वारा वायदा बाजार में बड़े पैमाने पर खरीदारी और फिर बढ़ती भू-राजनीतिक चिंताएं। महीने के दूसरे आधे भाग में भू-राजनीतिक चिंताओं में थोड़ी कमी आने से सोने की कीमतों में गिरावट आई क्योंकि सुरक्षित एसेट की मांग उतनी स्पष्ट नहीं थी।

इसके अतिरिक्त, अप्रैल के अंत में जारी अमेरिकी जीडीपी के पहली तिमाही-2024 के आंकड़ों से अधिक कमजोर थे और परिणामस्वरूप सोने की कीमतों में गिरावट हुई। महीने के अंत तक, यह कॉमेक्स 2,300 अमेरिकी डॉलर से नीचे कारोबार कर रहा था क्योंकि बाजार मुद्रास्फीति लक्ष्य और ब्याज दरों पर मार्गदर्शन के लिए अगली एफओएमसी बैठक का इंतजार कर रहा था।

ऑस्ट्रेलियाई डॉलर के संदर्भ में, अमेरिकी डॉलर के संदर्भ में वृद्धि के अनुरूप, अप्रैल में सोने की कीमत में भी वृद्धि हुई, लेकिन ऑस्ट्रेलियाई डॉलर की थोड़ी मजबूती के कारण इस पर असर पड़ा।




स्रोत: रॉयटर

चांदी ने महीने के कारोबार की शुरुआत 25 अमेरिकी डॉलर के नीचे की और अधिकांश व्यापारिक दिनों में 29 अमेरिकी डॉलर से ऊपर के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई। यह बढ़त सोने की कीमत में वृद्धि के अनुकूल है। महीने के बाकी दिनों में चांदी की कीमतों में गिरावट दर्ज की गई और यह 26.50 अमेरिकी डॉलर के आसपास बंद हुई।

### पर्थ मिंट विभिन्न प्रकार के सिक्के बेचता है

पर्थ टकसाल सोने के उद्योग को रिफाइनिंग और अन्य सेवाएं प्रदान करना जारी रखता है और निवेशकों और सिक्का संग्राहकों के लिए सिक्के से संबंधित कई मुद्रा वाली वस्तुओं का निर्माण करता है। यह ऑस्ट्रेलिया के अधिकांश कानूनी रूप से वैध कीमती धातु के सिक्कों के निर्माण और विपणन के लिए जिम्मेदार है, जिसमें प्रमाणित गुणवत्ता वाले ऑस्ट्रेलियाई नगेट सोने के सिक्के, ऑस्ट्रेलियाई प्लेटिनम कोआला सिक्के, ऑस्ट्रेलियाई सिल्वर कूकाबुरा सिक्के, स्वान श्रृंखला के सिक्के और बुलियन शामिल हैं।

**पर्थ टकसाल वैश्विक स्तर पर सोने के कई एक्सचेंजों की आवश्यकताओं को भी पूरा करता है:**

- लंदन बुलियन मार्केट एसोसिएशन (एलबीएमए)
- शिकागो मर्केंटाइल एक्सचेंज (सीएमई)
- ओसाका एक्सचेंज, लिमिटेड (ओएसई)
- शंघाई गोल्ड एक्सचेंज (एसजीई)
- दुबई गोल्ड एंड कमोडिटीज एक्सचेंज (डीजीसीएक्स)।

आप इस रिपोर्ट को हमारी वेबसाइट पर भी देख सकते हैं- www.smctradeonline.com

smc
moneywise. be wise.

**Corporate Office:**
11/6B, Shanti Chamber,
Pusa Road, New Delhi - 110005
Tel: +91-11-30111000
www.smcindiaonline.com

**Mumbai Office:**
Lotus Corporate Park, A Wing 401 / 402 , 4th Floor ,
Graham Firth Steel Compound, Off Western
Express Highway, Jay Coach Signal, Goreagon
(East) Mumbai - 400063
Tel: 91-22-67341600, Fax: 91-22-67341697

**Kolkata Office:**
18, Rabindra Sarani, Poddar Court, Gate No-4,
5th Floor, Kolkata-700001
Tel.: 033 6612 7000/033 4058 7000
Fax: 033 6612 7004/033 4058 7004

प्रतिभूति बाजार में निवेश बाजार के जोखिमों के अधीन है। निवेश करने से पहले सभी संबंधित दस्तावेजों को ध्यान से पढ़ लें। सेबी द्वारा दिया गया पंजीकरण और एनआईएसएम से प्रमाणन किसी भी तरह से मध्यस्थ के प्रदर्शन की गारंटी नहीं देता है या निवेशकों को रिटर्न का कोई आश्वासन नहीं देता है। उद्धृत प्रतिभूतियां केवल उदाहरण के लिए हैं और अनुशंसात्मक नहीं हैं। एसएमसी सेबी द्वारा पंजीकृत एक अनुसंधान विश्लेषक है जिसका पंजीकरण संख्या आईएनएच 100001849 है। सीआईएन: L74899DL1994PLC063609 है।

एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज लिमिटेड (जिसे एसएमसी कहा जाता है) का नियमन भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड द्वारा किया जाता है और इसे ब्रोकिंग व्यवसाय, डिपॉजिटरी सेवायें और संबंधित सेवायें करने का लाइसेंस प्राप्त है। एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज लिमिटेड नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड, बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड, एमएसईआई(मेट्रोपॉलिटन स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड) का रजिस्टर्ड सदस्य है और एम/एस एसएमसी कॉमट्रेड नेशनल कमोडिटी एवं डेरिवेटिव्स एक्सचेंज लिमिटेड और मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज ऑफ इंडिया और भारत के अन्य कमोडिटी एक्सचेंजों का रजिस्टर्ड सदस्य है। इसकी सहयोगी एमसीएक्स स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड की सदस्य हैं। एसएमसी सीडीएसएल(CDSL) और एनएसडीएल(NSDL)के साथ डिपॉजिटरी भागीदार के रूप में भी रजिस्टर्ड है । एसएमसी के अन्य एसोसिएट सेबी और भारतीय रिजर्व बैंक के साथ मर्चेंट बैंकर, पोर्टफोलियो मैनेजर के रूप में रजिस्टर्ड है। यह म्यूचुअल फंड डिस्ट्रीब्यूटर के रूप में एएमएफआई(AMFI) में भी रजिस्टर्ड है ।

एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज लिमिटेड सेबी (रिसर्च एनॉलिस्ट)रेगुलेशन 2014 के तहत रिसर्च एनॉलिस्ट के लिए रजिस्ट्रेशन संख्या INH100001849 के साथ रजिस्टर्ड संस्था है। एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज लिमिटेड या इसके सहयोगियों को सेबी द्वारा अन्य किसी रेगुलेटरी एथॉरिटी द्वारा सिक्योरिटीज मार्केट/कमोडिटी मार्केट में कारोबार के लिए प्रतिबंधित/निलंबित नही किया गया है। रिपोर्ट में रिसर्च एनॉलिस्टों द्वारा व्यक्त की गई राय केवल सार्वजनिक रूप से प्राप्त सूचनाओं/इंटरनेट आंकड़ों/अन्य विश्वसनीय स्रोतों, जिन्हे सत्य माना जाना जाता है, पर आधारित है। एसएमसी रिपोर्ट में व्यक्त राय या सामग्री की शुद्धता को लेकर कोई आश्वासन नही देता है और निवेशकों को सलाह दी जाती है कि निवेश के लिए कोई भी निर्णय करने से पहले बाजार की परिस्थितियों/जोखिमों का स्वतंत्र रूप से मूल्यांकन करें । रिसर्च एनॉलिस्ट, जिन्होने इस रिपोर्ट को तैयार किया है, एतद् द्वारा प्रमाणित किया जाता है कि इस रिपोर्ट में विशेष कमोडिटी के संदर्भ में व्यक्त किया गया विचार/राय उनके निजी स्वतंत्र विचार/राय है।

**डिसक्लेमर:** यह रिसर्च रिपोर्ट अधिकृत प्राप्तकर्त्ता की व्यक्तिगत सूचना के लिए है और इसका निवेशक के किसी निवेश, विधिक एवं कर संबंधी परामर्श से संबंध नही हैं । यह केवल प्राइवेट सर्कुलेशन एवं उपयोग के लिए है। यह रिपोर्ट विश्वस्त सूचनाओं पर आधारित है लेकिन यह पूरी तरह सही और पूर्ण है, ऐसा जरूरी नही और इस पर पूरी तरह भरोसा नही किया जाना चाहिए । रिपोर्ट के कन्टेन्ट के आधार पर कोई कार्य नही किया जा सकता है । इस रिपोर्ट को एसएमसी से लिखित आज्ञा के बिना किसी भी रूप में नकल एवं किसी भी अन्य व्यक्ति को पुन: वितरण नही किया जाना चाहिए। इस सामग्री का कन्टेन्ट सामान्य है और यह न तो पूरी तरह से व्यापक है और न विस्तृत है। इस रिपोर्ट के आधार पर उठाये गये किसी कदम से होने वाली क्षति या नुकसान के लिए न तो एसएमसी और न इसका कोई संबंधी, सहायक, प्रतिनिधि, डॉयरेक्टर या कर्मचारी को उत्तरदायी ठहराया जाना चाहिए । यह कोई व्यक्तिगत अनुमोदन नही करता या किसी खास निवेश उदेश्य, वितीय स्थिति या किसी व्यक्तिगत ग्राहक या कॉरपोरेट या सत्ता की जरूरतों को लेकर नही चलता है । सभी निवेश जोखिमपूर्ण होते है एवं पिछला प्रदर्शन भविष्य के किसी प्रदर्शन की गारन्टी नही देता है। निवेश की वैल्यू और उससे प्राप्त आमदनी एक निश्चित समय में उपलब्ध कुछ बड़े एवं सूक्ष्म कारकों के बदलाव पर निर्भर कर सकती है। निवेश का निर्णय लेते समय किसी भी व्यक्ति को अपने विवेक का इस्तेमाल करना चाहिए ।

कृपया ध्यान रखें कि हम या हमारा कोई अधिकारी, सहायक, प्रतिनिधि, डॉयरेक्टर या कर्मचारी, जो भी इस रिपोर्ट को बनाने या भेजने में शामिल है उसकी (अ)समय-समय पर किसी भी कमोडिटीज में, जिनका इस रिपोर्ट में जिक्र किया गया है, खरीद या बिक्री, कोई भी पोजिशन हो सकती है और वह इस कमोडिटीज को खरीद या बिक्री कर सकता है या (ब) साथ ही साथ वह इन कमोडिटीज के किसी भी प्रकार के सौदों में और ब्रोकरेज या अन्य प्रकार के प्रतिकर में अथवा बाजार निर्माण में शामिल हो सकता है, (स) इस रिपोर्ट में दिए गये सुझावों और संबंधित सूचनाओं एवं विचारों के संदर्भ में इनका अपना कोई भी निहित स्वार्थ या विवाद हो सकता है । सभी विवादों का निपटारा अंतिम रूप से दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायाधीन होगा ।